कांग्रेस पर्यवेक्षक की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों का प्रदर्शन

माण्डलगढ़ की शाहपुरा जिले में गई 16 ग्राम पंचायतों में कांग्रेस के खिलाफ बगावत शुरू

माण्डलगढ़, (निसं)। माण्डलगढ़ में कांग्रेस पर्यवेक्षक विधायक नीरज शर्मा ने शुक्रवार को दूसरे दौरे में विधानसभा चुनाव उम्मीदवार के चयन और जीतने की कार्यकर्ताओं की रायशुमारी के लिए बैठक ली। कमरे के अंदर बैठक चल रही थी, उधर कांग्रेस पार्टी और नेताओं के खिलाफ नारेबाजी चल रही थी। वहीं कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए चुनाव में टिकट की दावेदारी जताने वाला एक भी नेता बैठक में नहीं पहुंचा।

माण्डलगढ़ डाक बंगले में आयोजित रायशुमारी कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी जताने वाले नेता और समर्थक नदारद नजर आए। बैठक में अधिकांश कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नेताओं के बजाए भीलवाड़ा से कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रामपाल शर्मा के पक्ष में जमकर पैरवी की। विधायक एवं पर्यवेक्षक नीरज शर्मा का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, पूर्व जिला प्रमुख कन्हैया लाल जाट, नगर पालिकाध्यक्ष जफ़र हुसैन टांक, पार्षद रफ़ीक टांक, अनिता सुराणा, बल्लू व्यास सहित कई जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

डाक बंगले के कमरे के अंदर बैठक चल रही थी। बाहर माण्डलगढ़ की 16 ग्राम पंचायतों को नव सृजित शाहपुरा जिले में शामिल करने का विरोध ग्रामीणों में लगातार बढ़ता जा रहा था। बीते 13 अगस्त को माण्डलगढ़ आए फरीदाबाद के विधायक एवं कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक नीरज शर्मा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने 16 ग्राम पंचायतों को शीघ्र ही भीलवाड़ा जिले में वापस लेने का आश्वासन दिया था और एक महीने से चल रहे धरने को जिला कांग्रेस के दो प्रतिनिधियों द्वारा स्थगित करवाया गया था। माण्डलगढ़ में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की रायशुमारी करने आए पर्यवेक्षक फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा की मौजूदगी में आक्रोशित ग्रामीणों ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। लेकिन नीरज शर्मा ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की समस्या सुने बगैर अपनी गाड़ी में बैठ कर चल दिए।

इस मामले को लेकर आक्रोशित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने आगामी चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस के उम्मीदवारों के वोट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया और शाहपुरा में जोड़ी गई 16 ग्राम पंचायतों में चुनाव प्रचार करने वाले नेताओं व उम्मीदवारों को काले झंडे दिखाने की चेतावनी दी हैं।

आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेताओं ने एक माह के धरना प्रदर्शन को झूठे आश्वासन से स्थगित कराया और हमारे साथ धोखाधड़ी की गई हैं। इसके विरोध में आज मानपुरा गाँव के व्यापारियों ने बाजार बंद रख कर विरोध जताया और शाहपुरा जिले में गई 16 ग्राम पंचायतों को जब तक भीलवाड़ा जिले में शामिल नहीं किया जाता तब तक ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में मानपुरा ग्राम पंचायत सरपँच चँदा देवी प्रजापत, दौलपुरा सरपँच रामजस दाधीच, सरपंच संघ अध्यक्ष फौरी देवी भेरूलाल गुर्जर, रलायता सरपंच प्रतिनिधि मोतीलाल जाट सहित सैकड़ों ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद थे।

माण्डलगढ़ में पर्यवेक्षक की मौजूदगी में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

- कांग्रेस पर्यवेक्षक विधायक नीरज शर्मा की बैठक में टिकट के दावेदार और समर्थक नदारद दिखे
- नीरज शर्मा ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की समस्या सुने बगैर अपनी गाड़ी में बैठ कर चल दिए
- कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने आगामी चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस के उम्मीदवारों को वोट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया

दो छात्रों की मौत के बाद जागा प्रशासन

अवैध खनन क्षेत्र में दी दबिश, माफिया हुए भूमिगत

माइनिंग विभाग, रेवेन्यू व पुलिस टीम ने अवैध खनन पर दबिश दी।

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के सवाईपुर क्षेत्र में रेड़वास ग्राम पंचायत क्षेत्र के गोठड़ा गांव के पास गुरुवार सुबह अवैध पत्थर से भरे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिसमें बलिया खेड़ा गांव के दो स्कूली छात्रों की मौत हो गई थी।

इसके बाद कोटड़ी चिकित्सालय पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर माहौल गर्मा गया, इसके अधिकारियों ने बाद अवैध खनन पर कार्रवाई करने के साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने पर सहमति बनी। इसके बाद आज सुबह माइनिंग विभाग, रेवेन्यू व पुलिस टीमों के द्वारा क्षेत्र में जहां-जहां अवैध खनन हो रहे हैं वहां पर दबिस दी। इसके बाद क्षेत्र के माफिया भूमिगत हो गये।

कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक श्याम सुंदर बिश्नोई ने बताया कि आज सुबह बलिया खेड़ा व गोठड़ा क्षेत्र में रिवेन्यू व माइनिंग की टीमों ने सर्वे किया, सर्वे की रिपोर्ट बना रही है इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिस जिस रास्ते से खनन किया जाता, उन रास्तों को जेसीबी मशीन से खाई खोज कर बंद किया गया। इस दौरान मौके पर कोटड़ी तहसीलदार हेमेंद्र मीणा, माइनिंग विभाग फौरमन ललित सिंह, बड़लियास थाना प्रभारी शिवचरण, पटवारी, रामस्वरूप गुर्जर सरपंच प्रतिनिधि किशनगढ़, जगन्नाथ बलाई सरपंच प्रतिनिधि रेड़वास, रामनारायण जाट, कन्हैयालाल जाट, रामेश्वर जाट, कपिल जाट, शंकरलाल जाट, शेखर चौधरी, बालूलाल जाट, रतनलाल जाट, प्रभुलाल जाट, सांवर वैष्णव, दिनेश वैष्णव, रामलाल जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

साईनाथ धाम संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल उदयपुर रेंज आईजी से मिला

भीलवाड़ा, (निसं)। पिछले 10 वर्ष से साईनाथ धाम डेवेल्पर्स एवं उसके संचालकों की ठगी का शिकार हुए पीड़ितों ने पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर अजय पाल लाम्बा को लिखित ज्ञापन दिया।

साइन नाथ धाम संघर्ष समिति के अध्यक्ष कैलाश सोनीं ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के विशिष्ट दल ने उदयपुर पहुंचकर महानिरीक्षक अजय पाल लांबा को पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी एवं कागजात प्रस्तुत किये। ज्ञात हो कि लगभग 700 पीड़ित परिवारों को पिछले 10 वर्ष से साईनाथ डेवलपर्स द्वारा न ही भूमि आवंटित की गई एवं न ही उनका पैसा वापस दिया गया है। अपराध जांच अधिकारी एवं डिप्टी पुलिस अधीक्षक (क्राइम एवं विजिलेंस) राजेश भारद्वाज पिछले सप्ताह भीलवाड़ा आये थे एवं पीड़ितों को कोतवाली बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली थी एवं संघर्ष समिति के प्रतिनिधि दल को समस्त कागजात सहित उदयपुर बुलाया था। पुलिस महानिरीक्षक अजय पाल लाम्बा द्वारा पूरी जानकारी प्रतिनिधि मंडल से लेने के बाद प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को उचित कार्यवाही कर न्याय दिलवाने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल के विशिष्ट दल में कैलाश सोनी पुष्पेंद्र सुराणा, अमित चौधरी, रवि माहेश्वरी एवं मुकेश समदानी उपस्तिथ हुए थे।

उपराष्ट्रपति आज दूदू में

दूदू, (निसं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 23 सितम्बर शनिवार को दूदू जिले के चौरन स्थित संत शिरो मण्डी धन्ना भगत जन्मस्थली नोखा नाडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर दर्शन करेंगे। इस दौरान डॉ. सुदेश धनखड़ भी साथ रहेंगी।

55 इलेक्ट्रिक इंजन मंजूर

जोधपुर, (कासं)। रेलवे बोर्ड ने उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर इलेक्ट्रिक ट्रेनों के संचालन के लिए 55 इलेक्ट्रिक इंजन आवंटित किए हैं। डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जोधपुर मंडल पर तेजी से करवाए जा विद्युतीकरण कार्यों को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड ने इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनों के संचालन के लिए 55 इलेक्ट्रिक लोको आवंटित किए हैं। जिनमें से 38 इंजन जोधपुर मंडल को प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि भगत की कोठी डीजल शेड को मिले 38 इलेक्ट्रिक इंजन में से 35 इंजन को ट्रेनों के संचालन में काम में लेना प्रारंभ किया जा चुका है तथा तीन इंजन इसके लिए प्रक्रियाधीन हैं।

मोनू मानेसर को अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में शिफ्ट किया

भरतपुर जेल में बंद था नासिर जुनैद हत्याकांड का आरोपी मोनू मानेसर

अजमेर, (कासं)। भरतपुर जेल में बंद नासिर जुनैद हत्याकांड के आरोपी मोनू मानेसर को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में लाया गया।

शुक्रवार को भरतपुर पुलिस कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच आरोपी मानेसर को लेकर अजमेर पहुंची। मोनू मानेसर को हाई सिक्योरिटी जेल में सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। हाई सिक्योरिटी जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि भरतपुर पुलिस दोपहर में कड़ी सुरक्षा में मोनू मानेसर को अजमेर लेकर पहुंची है, आरोपी को हाई सिक्योरिटी जेल में शिफ्ट किया है। उसे कड़ी सिक्योरिटी और सीसीटीवी निगरानी में रखा गया है। उसके वार्ड के आसपास निगरानी बढ़ाई दी गई है। हाई सिक्योरिटी जेल में वर्तमान में 212 के करीब हार्डकोर अपराधी बंद हैं, जिसमें गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और आनंदपाल गैंग के गुर्गे और राजू ठेहट की हत्या के आरोपी सहित कई गैंगस्टर बंद हैं।

जानकारी के अनुसार हरियाणा की नूंह पुलिस ने मोनू मानेसर को मानेसर गांव में दबिश देकर गिरफ्तार किया था। पुलिस उसके कब्जे से एक पिस्टल, 3 कारतूस और मोबाइल जब्त किया था। हरियाणा में मोनू पर नूंह में हिंसा भड़काने के आरोप हैं। मोनू को जेल भेजने से पहले ही भरतपुर पुलिस को उसका ट्रांजिट रिमांड मिल गया था। इसके बाद हरियाणा पुलिस ने उसे राजस्थान पुलिस को सौंप दिया था।

तीन को जेल भेजा

सादुलपुर, (निसं)। रंजिश को लेकर पुरानी सिल्वर फैक्ट्री के 17 अगस्त को भीम आर्मी के तहसील महासचिव को रोककर लोहे की रॉड, पाईप व डंडो से मारपीट कर जानलेवा हमला करने व जातिसूचक गालियां देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डीवाईएसपी राजगढ़ इस्लाम खान ने बताया कि 17 अगस्त 2023 को नरेश कुमार पुत्र आदराम रेगर उम्र 26 साल निवासी वार्ड नं 36 कस्बा राजगढ़ को जातिसूचक गालियां देकर मारपीट के मामले में अंकित कुमार पुत्र सुरेश कुमार जाट, अमित उर्फ सेठी पुत्र बाबूलाल व मनोज कुमार उर्फ मासुम पुत्र सुरेन्द्र सिंह को प्रोडेक्शन वारंट पर चूरू जेल से गिरफ्तार किया गया था तथा शुक्रवार शाम को चूरू एससी एसटी न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

विष्णुदत्त बिश्नोई आत्महत्या मामले में विधायक कृष्णा पूनिया के विरुद्ध लिया प्रसंज्ञान आदेश खारिज

सादुलपुर, (निसं)। बहुचर्चित विष्णु दत्त बिश्नोई आत्महत्या मामले में विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया के विरुद्ध लिया गया प्रसंज्ञान आदेश खारिज कर दिया गया है। जोधपुर स्थित विशिष्ट न्यायाधीश अ, जा ,अ, ज, जा, प्रकरण जोधपुर महानगर द्वारा विष्णु दत्त बिश्नोई आत्महत्या प्रकरण में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के बावजूद सीबीआई मजिस्ट्रेट पवन कुमार बिश्नोई द्वारा विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया के विरुद्ध जारी किया गया।

वहीं मामले में विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए अपास्त कर दिया है। न्यायालय पीठासीन अधिकारी प्रीति मुकेश परनामी अपर जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा उक्त आदेश जारी किए गए हैं। प्रकरण अनुसार स्थानीय तत्कालीन थानाधिकारी विष्णुदत्त तथा विश्नोई द्वारा 22 में 23 के बीच रात्रि को थाना परिसर में अपने क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसमें उनके लिखे सुसाइड नोट भी बरामद हुए थे। प्रकरण की रिपोर्ट उनके भाई द्वारा पुलिस थाना राजगढ़ में दी थी। जिसमें उनके चारों तरफ प्रेशर बनाकर दवाब डालने व किसी व्यक्ति द्वारा आत्महत्या के लिए मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। प्रकरण का अनुसंधान सीआईडी सीबी एसएसपी विकास शर्मा द्वारा किया गया। जिनके द्वारा मृतक बिश्नोई द्वारा वॉइस कॉल, एसएमएस के माध्यम से विभिन्न महिलाओं से लगातार संपर्क में रहने व अंतिम रात्रि को 12.56 पर विमल विश्वनाथ को अलविदा माफ करना जैसे संदेश भेजना, मोबाइल फॉर्मेट करना, सुषमा से तीन माह में 777 बार संपर्क करना आदि तथ्य पाए थे।

बाद में प्रकरण का अनुसंधान सीबीआई के द्वारा किया गया। जिन्होंने उक्त घटना में सादुलपुर विधायक डॉ.कृष्णा पूनिया की संलिप्तता की विशेष जाँच करते हुए माना कि विधायक द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के लिए पुलिस थाने में फोन जरूर किए थे। परंतु विश्नोई को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का कोई तथ्य सामने नहीं आया है तथा अपनी क्लोजर रिपोर्ट सीबीआई कोर्ट जोधपुर में पेश कर दी है।

जहां मृतक के भाई द्वारा अपना विरोध दर्ज करवाया तथा सीबीआई मजिस्ट्रेट पवन कुमार बिश्नोई द्वारा विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया को प्रथमदृष्टया दोषी मानकर उनके विरुद्ध प्रसंज्ञान लिया था। अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने अपने निर्णय में माना कि मृतक और सुषमा पूनिया मध्य हुई चैट को विधायक के विरुद्ध आत्महत्या का दुष्प्रेरण नहीं माना जा सकता है तथा किसी व्यक्ति को आपराधिक मामले में घसीटना न्याय उचित नहीं है। निर्णय न्यायालय द्वारा सीएमओ में विधायक द्वारा शिकायत नहीं करना माना वह पुलिस थाना निर्माण की शिकायतों को भी आत्महत्या का दुष्प्रेन नहीं माना है। विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया के विरुद्ध किसी भी सुसाइड नोट या एफ आई आर में कोई आरोप नहीं था। लेकिन बाद में सोशल मीडिया पर ऑडियो चैट वायरल करने के बाद विधायक के बाबत सीबीआई जांच की गई। परंतु सीबीआई द्वारा क्लीन चिट दे दी गई थी।

विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया सादुलपुर (चूरू) का कहना कि विष्णु दत्त बिश्नोई विभाग के श्रेष्ठ अधिकारी थे। उनकी मृत्यु का बेहद दुख हुआ। मेरे उनके अच्छे संबंध थे उनकी मृत्यु पर राजनीतिक रोटियां सेकना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा। मेरा उक्त आत्महत्या प्रकरण से कोई वास्ता कभी नहीं था। मेरे विरुद्ध भाजपा नेताओं द्वारा जनता को झूठा उकसाया गया तथा भाजपा के नेताओं द्वारा मुझे जेल में डालने की साजिश रची थी। जनता का आशीर्वाद मेरे साथ रहा। न्यायपालिका द्वारा सब कुछ साफ कर दिया गया है।

आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

धौलपुर, (निसं)। विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट धौलपुर ने पांच वर्षीय मासूम के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई हैं। साथ ही 30 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया है। विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि धौलपुर जिले के महिला पुलिस थाना पर एक परिवादी ने 29 मई 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमे उसने बताया कि वह अपने पीहर आई हुई थी और 27 मई 2019 को वह कमरे में सो रही थी तथा उसकी पांच साल की पुत्री खेल रही थी। तभी साकिंदर आया और उसकी पुत्री को बाथरूम में ले गया। आरोपी साकिंदर बच्ची के साथ गलत हरकत और छेड़छाड़ कर रहा था।

भैरों बाबा के लक्खी मेले में आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों ने आजमाइश की

कुश्ती दंगल में कई राज्यों के पहलवानों ने भाग लिया, बराबरी में रही आखरी कुश्ती

टोडाभीम, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत करीरी-गाजीपुर के गांव करीरी में स्थित भैरों बाबा की सप्तमी पर पूर्वी राजस्थान के लगने वाले ऐतिहासिक लक्खी मेले में शुक्रवार को ग्राम पंचायत के सौजन्य से विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कुश्ती दंगल देखने आए दर्शकों एवं भैरों बाबा के दर्शनों को आये श्रद्धालुओं के लिए ग्रामीणों के द्वारा खाने के लिए जगह-जगह भंडारे लगाए गए एवं करीरी-गाजीपुर के ग्रामीणों के द्वारा श्रद्धालुओं व दर्शकों की आवभगत की गई।

भैरो बाबा के लक्खी मेले के अवसर पर आयोजित प्रदेश स्तरीय कुश्ती दंगल में आखिरी कुश्ती दो लाख 11 हजार रूपये की हुई जिसमें आखरी मुकाबला हरकेश पहलवान हाथरस एवं हितेश पहलवान महेंद्रगढ़ हरियाणा रोहतक के बीच बहुत ही रौचक हुआ जिसमें आखरी मुकाबला बराबरी में रहा। कुश्ती दंगल में सैंकड़ों पहलवानों ने अपने-अपने दांव-पेच आजमाए जिन्हें देखकर दर्शक हतप्रभ रह गये। आखिरी कुश्ती बराबरी में रहने पर दोनों ही पहलवानों को आयोजन समिति के द्वारा दोनों ही पहलवानों को पुरस्कार राशि नहीं दी गई। इस विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना के द्वारा प्रातः दस बजे 500 रूपये की कुश्ती से किया गया। भैरों बाबा के मेले पर आयोजित कुश्ती दंगल में 250 से अधिक कुश्तियां करवाई गई जिसमें राजस्थान सहित अन्य प्रांतों से आये पहलवानों ने जोर आजमाईश की। इस विशाल कुश्ती दंगल में राजस्थान प्रान्त के जिला भरतपुर, करौली, दौसा, अलवर, धौलपुर, सवाई माधोपुर सहित दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित कई प्रान्तों के पहलवानों ने शिरकत की। कुश्ती दंगल में एक साथ कई कुश्तियां करवाई गई। कुश्ती दंगल देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी आई। कुश्ती दंगल में महिला पहलवानों की कुश्ती भी करवाई गई। कुश्ती दंगल में पहुचे क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना के द्वारा करीरी में कुश्ती दंगल के लिए विधायक पृथ्वीराज मीना के द्वारा एक करोड़ की लागत कुश्ती दंगल मैदान का सौन्दर्यकरण व दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था करवाने की घोषणा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय प्रशासन के द्वारा कुश्ती दंगल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरएसी के पर्याप्त पुलिस जाप्ते के साथ एसडीएम सुनीता मीना, पुलिस उपाधीक्षक अमरसिंह मीना, तहसीलदार जगराम मीना, थानाधिकारी बृजेश मीना, बालघाट थाना प्रभारी सुगनलाल मीना, नादौती थानाधिकारी, नायब तहसीलदार दिनेश मीना सहित चप्पे-चप्पे पर पुलिस व आरएसी के जवान तैनात रहे।

दंगल में मुख्य अतिथि राजयसभा सांसद किरोडीलाल मीना, क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना, पूर्वमंत्री रामस्वरूप मीना, पूर्व विधायक घनश्याम महर, पूर्व पंचायत समिति प्रधान कल्पना मीना, पालिका अध्यक्ष अमृता सियाराम, भामाशाह रामनिवास मीना, दुल्हेराम मीना, खिलाड़ीराम सोप, डॉ भवी मीना, सेवानिरवृत कमिश्नर तेजराम मीना, सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त एलआर मीना, राघव मीना, आप पार्टी के करौली जिला प्रभरी आशाराम मीना, छात्र नेता नरेश मीना, डॉ धर्मसिंह मीना, भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी रहे रामराज मीना, पूर्व प्रधान मुकेश मीना एवं करीरी सरपंच प्रतिनिधि पूरण मीना, पीसीसी सदस्य बच्चलाल मीना, बौल सरपंच सागरबाई मीना, डॉ रामकेश मीना, राजेन्द्र शेखपुरा, सहित सैंकड़ों जनप्रतिनिधी एवं लाखों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



करीरी में भैरों बाबा के लक्खी मेले के अवसर पर आयोजित कुश्ती दंगल में उमड़ा जनसैलाब।

- आखरी मुकाबला हरकेश पहलवान हाथरस एवं हितेश पहलवान रोहतक के बीच हुआ